एक नजर में

खोखे को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने, एक दूसरे पर लगाए आरोप



गोला गोकर्णनाथ खीरी। अलीगंज रोड पर सतौती पुलिया के पास लकड़ी के खोखे को लेकर विवाद गहरा गया है। गुरुवार को धर्मेंद्र कुमार और विजय मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ दबंगों ने उनके खोखे से सामान निकालकर उसमें आग लगा दी। वहीं शुक्रवार को दूसरे पक्ष की ओर से श्याम मुरारी गुप्ता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर खोखे पर कब्जे और उसे खाली कराने के बदले दो लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। श्याम मुरारी गुप्ता का कहना है कि अलीगंज रोड पर पूर्व आर्यावर्त बैंक के पास स्थित उनकी जमीन पर दुकान का निर्माण कराया गया है। दुकान के सामने रखा लकड़ी का पुराना खोखा उन्होंने करीब तीन वर्ष पहले धर्मेंद्र राजपूत को बिना किसी लिखापढ़ी के व्यवहार में दिया था। अब दुकान बन जाने के बाद कारोबार शुरू करने के लिए उन्होंने खोखा खाली करने को कहा तो विवाद हो गया। आरोप है कि खोखा खाली करने के बदले दो लाख रुपये मांगे जा रहे हैं। एक ही खोखे को लेकर दोनों पक्षों की ओर से अलग अलग आरोप लगाए जाने से मामला तूल पकड़ता जा रहा है। फिलहाल दोनों पक्षों की शिकायतें पुलिस के सामने हैं। मामले में पुलिस की जांच और कार्रवाई के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जमीन के विवाद में मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ खीरी। जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो लोगों पर गाली गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने और जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। गोला क्षेत्र के लहरावां गांव निवासी निशान सिंह पुत्र सतवंत सिंह के अनुसार 14 नवंबर को वह गोला आया था। आरोप है कि कस्बे के मुन्नूगंज निवासी एक दबंग और उसके बेटे ने कोतवाली से कुछ दूरी पर उसे रोककर गाली गलौज की और मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागा। प्रार्थनापत्र में निशान सिंह ने आरोप लगाया है कि उसका जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। उसने ब्याज पर रुपये लेने के लिए संपर्क किया था। आरोप है कि जमीन गिरवी रखने के बदले रुपये देने की बात कही लेकिन धोखे से उसकी जमीन का बैनामा अपनी पत्नी के नाम करा लिया। जानकारी होने पर उसने बैनामा निरस्त कराने के लिए लखीमपुर सिविल कोर्ट में मुकदमा दायर किया है जिसकी अगली सुनवाई दो दिसंबर को निर्धारित है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी विवादित जमीन को बेचने की फिराक में हैं। इससे पहले भी उसके घर पर कब्जा करने का प्रयास किया गया था। उसने आरोपियों से जान का खतरा बताते हुए एसपी से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने और सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

अजबापुर मिल में किया गया कृषक सम्मान समारोह

जंगबहादुरगंज खीरी। डीसीएम श्रीराम समूह की अजबापुर मिल में किया गया कृषक सम्मान समारोह का आयोजन। बता दें कि कुल 640 किसानों को वर्ष 2025-26में एक हजार कुन्तल प्रति हेक्टेयर या उससे अधिक गन्ना की उपज करने वाले किसानों को पुरुस्कार हेतु चयन किया गया था, जिसमें से 457 उपस्थित किसानों को किया गया पुरस्कार वितरण। यह आयोजन डीसीएम श्रीराम समूह के %उपज बढ़ाओ, सशक्त पाओ% परियोजना के तहत किया गया। किसानों को वैज्ञानिक खेती की जानकारी भी दी गई, और सन्देश दिया गया कि *सुख समृद्धि का संकल्प अधिक उपज ही विकल्प*। आरएल टामक ने कहा कि बड़े स्तर पर काम करने से ज्यादा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि सुख-समृद्धि के लिए अधिक उपज ही विकल्प है। औसत पैदावार कम हो रही है, इसलिए किसानों को चाहिये कीटनाशक इत्यादि दवाओं से शुद्धिकरण किये गए साफ सुथरे बीज को ही इस्तेमाल करना चाहिए। सभी किसानों को पुरस्कार स्वरूप घड़ी प्रदान की गयी और उपस्थित पत्रकारों को भी शाल उढ़ाकर और घड़ी भेंट करके सम्मानित किया गया।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता वाहनों को दिखाई गई हरी झंडी



धौरहरा खीरी। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 27 नवंबर को थाना धौरहरा परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में जागरूकता वाहनों (ऑटो) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा इसकी रोकथाम के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। जागरूकता वाहन क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, बच्चों के अधिकारों एवं बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने अभियान की सराहना की तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार और सफल क्रियान्वयन में सहयोग देने की अपील की। साथ ही, इस सामाजिक पहल को धरातल पर प्रभावी रूप से संचालित करने में देहात इंडिया संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

ई-रिक्शा पलटने से चालक समेत तीन घायल, महिला रेफर

मियांगंज, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मियांगंज-संडीला मार्ग पर शुक्रवार को मकबूलखेड़ा स्थित शराब ठेके के पास अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में चालक समेत पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।औरास थाना क्षेत्र के तियर गांव निवासी ई-रिक्शा चालक नूर मोहम्मद (55) शुक्रवार को तियर माइनर से सवारियां लेकर मियांगंज चौराहे आ रहा था। रिक्शे में फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के जियनखेड़ा निवासी संजीत कुमार (32) और उनकी पत्नी फूलन (30) सवार थीं। मकबूलखेड़ा शराब ठेके के पास अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे तीनों घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को मियांगंज अस्पताल में भर्ती कराया।

एसएसपी ने 20 पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

उन्नाव। जिले की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने गुरुवार देर रात पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया। जारी आदेश के तहत 20 निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। वहीं, गैर जनपद स्थानांतरण के चलते छह निरीक्षकों को पुलिस लाइन भेजा गया है।श्रीराम पांडेय को सोहरामऊ से सदर कोतवाली प्रभारी, अजय कुमार सिंह को गंगाघाट से दही, योगेश कुमार सिंह को माखी से सोहरामऊ और उग्रसेन सिंह को किला चौकी से माखी भेजा गया है। सुब्रत नारायण को अचलगंज से गंगाघाट तथा अनूप कुमार शुक्ल को पुलिस लाइन से अचलगंज प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में सचिन गुप्ता को पुरवा, सत्येंद्र विक्रम सिंह को अजगैन, सुनील कुमार सिंह को सफीपुर, निखिलेश कुमार को बेहटामुजावर और कौशलेंद्र प्रताप सिंह को असोहा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मधु यादव को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन तथा धर्मेंद्र सिंह को यातायात प्रभारी बनाया गया है। माबूद रजा को अजगैन में अतिरिक्त निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, चंद्रकांत मिश्र, ज्ञानेंद्र सिंह, मदन सिंह मौर्य, सुरेश कुमार सिंह, संदीप कुमार मिश्र और राजकुमार को गैर जनपद तबादले के चलते पुलिस लाइन भेजा गया है। सभी को तत्काल नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

विधायक ने आठ पंचायतों में बांटे कंबल



असोहा, उन्नाव। विधायक अनिल सिंह ने शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र की आठ पंचायतों में करीब दस हजार जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

ओगरापुर, गोमापुर और चौपाई के साथ नदी पार क्षेत्र की पहाड़पुर, दरेहटा, लच्छीपुर, मझरिया और बिलौरा पंचायतों में कंबल वितरण किया गया।

इस दौरान विधायक के साथ उनकी पत्नी और माही संस्था की अध्यक्ष कल्पना सिंह भी मौजूद रहीं।विधायक ने कहा कि राजनीति में आने के बाद से वह जरूरतमंदों की हरसंभव मदद करते रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों, युवाओं और महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कानून-व्यवस्था में सुधार का भी दावा किया। कल्पना सिंह ने कहा कि सरकार में महिलाओं को सुरक्षा मिली है और वे बिना भय के स्कूल-कॉलेज व सड़कों पर निकल रही हैं। इस दौरान ब्लॉक प्रशासक आनंद गुप्ता, ललित सिंह, नागेंद्र, चमन यादव, कुलदीप शुक्ला, हिमांशु गौतम, रवींद्र, हरेंद्र मौर्य, हरे यादव और मनमीत सिंह मौजूद रहे।

सड़क हादसे में फैक्ट्री कर्मी महिला की मौत

अजगैन, उन्नाव। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुई महिला की शुक्रवार को मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।अजगैन कोतवाली क्षेत्र के तुमरनखेड़ा गांव निवासी सरोजनी (50) पत्नी गुड्डू लखनऊ के बंथरा स्थित एक फैक्ट्री में काम करती थी। वह कटी बगिया में किराये के कमरे में रहती थी। 25 नवंबर को ड्यूटी जाते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। परिजनों ने उसे घायल अवस्था में केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। शुक्रवार को उसे घर भेज दिया गया। घर पहुंचने के कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सरोजनी की मौत से उसकी तीन बेटियों और एक बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची अजगैन पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

अभियान चलाकर पकड़े गए 18 अन्ना गोवंश

शुक्लागंज, उन्नाव। नगर पालिका प्रशासन ने शुक्रवार को मुख्य मार्ग पर अन्ना गोवंशों के खिलाफविशेष अभियान चलाया। कैटिल कैचिंग दस्ते ने फेरलेन मार्ग पर घूम रहे 18 गोवंशों को पकड़कर गगनी खेड़ा स्थित कान्हा गोशाला में संरक्षित कराया।अभियान अधिशासी अधिकारी (ईओ) और एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला की देखरेख में चलाया गया। इसके बाद गोशाला में संरक्षित गोवंशों की संख्या बढ़कर 91 हो गई है।

शबनम मिश्रा बनीं महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष

बीघापुर, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए शबनम मिश्रा को महिला मोर्चा के धनुहीखेड़ा मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। शबनम मिश्रा लंबे समय से समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय हैं।उनकी नियुक्ति पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी और संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई।

मौसम बदलने से सीएचसी में मरीजों की भीड़

बिछिया, उन्नाव। मौसम में बदलाव और बारिश के बाद मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोजाना डेढ़ सौ से अधिक नए मरीज वायरल फीवर, सर्दी, खांसी और जुकाम की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं।

युवराज दत्त महाविद्यालय में परीक्षाएं शुरू



लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं कल, दिनांक 28 नवंबर 2026 से प्रारंभ हो रही हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा और बेहतर परीक्षा वातावरण के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।परीक्षा प्रभारी प्रो. सुभाष चन्द्रा ने बताया कि सभी परीक्षार्थी अपने पाठ्यक्रम / विषयवार परीक्षा कार्यक्रम (स्कीम) की जानकारी के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें, ताकि किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना समय पर मिल सके। परीक्षार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर अवश्य उपस्थित हों। परीक्षा कक्ष में प्रवेश पत्र तथा महाविद्यालय का पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। इनके बिना प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा कक्ष में ले जाना पूर्णत: प्रतिबंधित है। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक एवं कक्ष की जानकारी नोटिस बोर्ड पर चस्पा प्लान से देखकर निर्धारित स्थान पर ही बैठें। नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षाओं को सम्पन्न कराने के लिए पांच सदस्यीय टीम सचल दल के रूप में लगातार निगरानी कर रही हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते विद्यार्थियों का हित और उनका उज्ज्वल भविष्य महाविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परीक्षार्थी निश्चिंत होकर, पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें और निर्धारित निर्देशों का पालन करें।

स्लीपर बसों पर परिवहन विभाग का शिकंजा, 14 के चालान

उन्नाव। शासन जिलाधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमों ने 26 और 27 नवंबर को सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और उन्नाव-कानपुर मार्ग पर लंबी दूरी की स्लीपर बसों की जांच की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर 14 बसों के चालान किए गए, जबकि एक बस सीज कर दी गई।जांच में परमिट शर्तों का उल्लंघन, ओवरस्पीड और क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने के मामले सामने आए। इसके अलावा भारी वाहनों में पीछे लाल रिफ्लेक्टर टेप नहीं लगाने, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने तथा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नहीं होने पर भी कार्रवाई की गई। इन नियमों के उल्लंघन में कुल 128 वाहनों के चालान किए गए।

एक्सप्रेसवे पर टमाटर लदे लोडर ने कार में मारी टक्कर, चार घायल

औरास, उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार भोर करीब चार बजे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 253 पर टमाटर लदे पिकअप डाले ने गश्त कर रहे यूपीडा कर्मियों की कार में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीन यूपीडा कर्मियों समेत पिकअप चालक घायल हो गया। गंभीर हालत में चालक को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।हरदोई जनपद के सांडी निवासी हेमनाथ, मल्लावां निवासी महेश सिंह और औरास क्षेत्र के दीपवल निवासी सज्जाद अली यूपीडा की चार पहिया गाड़ी से एक्सप्रेसवे पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान आगरा की ओर से लखनऊ जा रहे टमाटर लदे पिकअप डाले ने उनकी गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों कर्मचारी घायल हो गए। वहीं, पिकअप चालक लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी तेजपाल भी चोटिल हो गया।

मुठभेड़ में गिरफ्तारी के दावे पर उठे सवाल पुलिस के बयानों में विरोधाभास

गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा विष्णु बेंहड़ लूटकांड के आरोपी की मुठभेड़ में गिरफ्तारी का खुलासा सवालों के घेरे में आ गया है। पुलिस ने 26 नवंबर को दावा किया कि 25 नवंबर की रात करीब 11:30 बजे मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से तमंचा कारतूस बाइक और लूटे गए जेवर बरामद होने की बात कही गई। लेकिन घटना के दिन से लेकर गिरफ्तारी के खुलासे तक पुलिस के बयानों में विरोधाभास सामने आ रहा है। मामला बीते मंगलवार का है। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव विष्णु बेंहड़ के निकट ई रिक्शा से घरथनियां जा रही महिला सरिता पत्नी फूलचंद निवासी बबौना थाना मितौली से लूट हुई थी। आरोप है कि लुटेरा महिला से चार हजार रुपये नकद, सोने के टॉप और लॉकेट लूट ले गया। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट भी की गई थी। पीड़िता की चीख पुकार सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो लुटेरा अपनी बाइक छोड़कर पैदल भाग निकला था।बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। ऐसे में पीड़िता ने अपनी लिखित तहरीर में बाइक का चेचिस नंबर भी स्पष्ट रूप से दर्ज कराया था। इसके बाद गोला सीओ और थाना प्रभारी निरीक्षक ने भी स्वीकार किया था कि बरामद बाइक के जरिए आरोपी तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि हैदराबाद पुलिस ने 24 नवंबर को ही गोला थाना क्षेत्र के गांव खमहौल निवासी आरोपी सलीम के घर दिन में दबिश दी और उसे घर से ही गिरफ्तार कर लिया था। इसके बावजूद पुलिस के आधिकारिक खुलासे में बताया गया कि 25 नवंबर की रात आरोपी स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या यूपी 31 बीआर 0418 से उसी रास्ते पर लूटे गए सामान के साथ घूम रहा था। इसी दौरान पुलिस से मुठभेड़ हो गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस की कहानी में कई सवाल

पूरे घटनाक्रम को लेकर लोगों के बीच कई सवाल उठ रहे हैं। अगर पुलिस ने लूट के बाद घटनास्थल पर मिली बाइक के जरिए आरोपी तक पहुंच बनाई तो वही बाइक दोबारा आरोपी के पास कैसे पहुंची। अगर पुलिस का मुठभेड़ वाला दावा सही है तो आरोपी की पहचान और लोकेशन पहले से कैसे पता चली। दिन में लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी एक दिन तक लूटे गए जेवर लेकर उसी इलाके के सुनसान रास्ते पर क्यों घूमता रहा। ग्रामीणों के घर से गिरफ्तारी के आरोप और पुलिस के मुठभेड़ के दावे के बीच सच्चाई क्या है यह भी स्पष्ट होना बाकी है।

बीएसए ने परिषदीय खेलकूद प्रतियोगिता का कराया आयोजन

प्राथमिक स्तर 400 मीटर दौड़ बालक नकहा से अर्पित प्रथम, निघासन से विनय द्वितीय, रमिया बेहड़ से दीपक तृतीय, प्राथमिक स्तर 400 मीटर बालिका, रमिया बेहड़ से रिया प्रथम, नकहा से इन्नम्मा द्वितीय, पलिया से आकांक्षा तृतीय, जूनियर 600 मीटर बालिका पलिया से प्रीति प्रथम, मितौली से ललिता द्वितीय, नकहा से अलकिशा तृतीय अंत्याक्षरी निघासन प्रथम, लखीमपुर द्वितीय, बेहजम तृतीय।



लखीमपुर खीरी। स्पोर्ट्स स्टेडियम लालपुर में जनपद स्तरीय बेसिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिताओं का शुभारंभ धूमधाम के साथ किया गया। मुख्य अतिथि ने मार्चपास्ट कर रही टीमों की सलामी ली और प्रतिभागियों को खेल शपथ दिलाई। बालिकाओं की 400 मीटर दौड़ के साथ खेल प्रतियोगिताओं का आगाज हुआ। जिसमें रमियाबेहड़ की रिया ने परचम लहराया। शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हुई दो दिवसीय परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बच्चों से पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ खेलने की अपील की। उन्होंने कहा खेल का मैदान सिर्फ पसीना बहाने का स्थान नहीं है बल्कि चरित्र निर्माण की वह पाठशाला है जहाँ जीत को सम्मान मिलता है और हार को हौसला। उन्होंने बच्चों से पूरे जोश और जज्बे के साथ खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने को कहा। इससे पहले उन्होंने खेल ध्वज फहराया और मार्चपास्ट की सलामी ली। गत वर्ष की चैंपियन तान्या देवी ने जब मशाल लेकर ट्रैक पर दौड़ लगाई तो मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मुख्य अतिथि ने दौड़ में विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में अम्बरसोत, अटकोहना, शीतलापुर समेत तमाम विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अटकोहना के बच्चों की योगा प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी। खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी नीरज मौर्य, बीईओ कृष्णकुमार त्रिपाठी, सुनील कुमार, हृर्दय शंकर लाल श्रीवास्तव, प्रशांत राठौर, तरुण कुमार, अमन गुप्ता, सुश्री शाहीन अंसारी, अनिल झा, जिला व्यायाम शिक्षक विवेक गुप्ता समेत सभी संगठनों के पदाधिकारी, शिक्षक, खेल अनुदेशक व प्रतिभागी बच्चे शामिल हुए।

एक नजर में

भागवत कथा की तैयारियों का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा



उन्नाव। शहर के रामलीला मैदान में 28 नवंबर से चार दिसंबर तक आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को डीएम घनश्याम मीना, एसएसपी जय प्रकाश सिंह और एसपी उत्तरी आयुष श्रीवास्तव ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।विश्व शांति सेवा समिति के तत्वावधान में सदर विधायक पंकज गुप्ता की ओर से आयोजित कथा में कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर प्रतिदिन दोपहर 2:30 से शाम 5:30 बजे तक प्रवचन करेंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रवेश और निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात संचालन और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, सतर्क निगरानी रखने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने और आयोजन स्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। इस दौरान सीओ सिटी विनी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नवागत कोतवाल का स्वागत, निवर्तमान को दी विदाई

पुरवा, उन्नाव। पुरवा कोतवाली परिसर में शुक्रवार को स्वागत एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें नवागत कोतवाल सचिन गुप्ता का पुलिसकर्मियों ने स्वागत किया, जबकि निवर्तमान कोतवाल भवन सिंह मौर्य को भावभीनी विदाई दी गई।थाना स्टाफने भवन सिंह मौर्य को फूल-माला पहनाकर उनके कार्यकाल की सराहना की। पुलिसकर्मियों ने कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की कानून व्यवस्था सुदृढ़ रही और जनता के साथ बेहतर समन्वय बना रहा। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, नवागत कोतवाल सचिन गुप्ता ने पुलिसकर्मियों से आपसी सहयोग, अनुशासन और जनसेवा की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। समारोह में कोतवाली के उपनिरीक्षक, कांस्टेबल सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बीईओ देवेंद्र को विदाई, रमन सिंह का स्वागत



उन्नाव। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार का शिवराजपुर, कानपुर स्थानांतरण होने पर शुक्रवार को बीआरसी परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। शिक्षकों और बीआरसी कर्मचारियों ने उन्हें फूल-मालाओं, अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं नवागत बीईओ रमन सिंह का स्वागत किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावाहिनी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार द्विवेदी ने कहा कि देवेंद्र कुमार के कार्यकाल में विद्यालयों के कायाकल्प और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हुआ। उन्होंने शिक्षकों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर विभागीय कार्यों को गति दी। शिक्षक हित सर्वोपरि के संयोजक अवनीश पाल ने उनके सहयोगात्मक रवैये और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के प्रयासों की सराहना की। देवेंद्र कुमार ने सभी के सहयोग के लिए आभार जताया। वहीं नवागत बीईओ रमन सिंह ने कहा कि बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार करना और विकासखंड को रैंकिंग में आगे लाना उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान नीरज कुमार, आनंद यादव, अवनीश पाल, देशरत्न श्रीवास्तव, मनीष त्रिवेदी सहित शिक्षक और बीआरसी कर्मचारी मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश में महिला से मारपीट, मुकदमा दर्ज

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डेला में पुरानी रंजिश को लेकर महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है।गांव निवासी रेनू के मुताबिक, 23 नवंबर की रात करीब आठ बजे पड़ोसी जाबेजा पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने लात-घूंसों और डंडों से उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

असहाय युवती का राशन कार्ड कटने पर एसडीएम से लगाई गुहार

सफीपुर, उन्नाव। माता-पिता की मृत्यु के बाद मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन कर रही असहाय युवती का राशन कार्ड से नाम काटे जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने एसडीएम फाल्गुनी सिंह को शिकायती पत्र देकर जांच कर राशन कार्ड बनवाने की मांग की है।तहसील क्षेत्र के बेल्हावां गांव निवासी आंचल पुत्री स्व. रमेश चंद्र ने बताया कि उसके परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है।दादी रामदेवी के राशन कार्ड संख्या 21562008 1192 में उसका नाम यूनिट के रूप में दर्ज था। इसी से उसे राशन मिल रहा था। गांव निवासी रामनरेश ने अपनी पत्नी शिवरानी के नाम उक्त राशन कार्ड बनवा लिया, जिससे उसका नाम कट गया। आंचल का आरोप है कि रामनरेश के पास छह बीघा कृषि भूमि, वाहन सहित अन्य संसाधन हैं, आजीविका का कोई साधन नहीं है।

मुकदमा दर्ज

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मगरायर गांव निवासी अजय अवस्थी ने गांव के ही गंगा प्रसाद के पुत्र सोहन कुरील पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। अजय अवस्थी के मुताबिक, कुछ समय पहले सोहन कुरील ने उनके भतीजे दीपक पुत्र संजय के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी।

सार्वजानिक सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक मुख्य शाखा उन्नाव पता मोहल्ला तकी नगर तहसील व जिला उन्नाव (पूर्व में आर्यावर्त बैंक के नाम से जाना जाता था) अपनी ग्राहक श्रीमती बेबी पत्नी युनुस निवासी कासिम नगर उन्नाव पुराना माकन नं013/1 एवं नया माकन न. 1851 खसरा नं0 5139 मिनजुमला रकबा 65.26 वर्ग मीटर स्थित मौजा उन्नाव अन्दर नगर पालिका तहसील व जिला उन्नाव मोहल्ला कासिम नगर तहसील व जिला उन्नाव जिस पर मकान बना है जिसकी चाहद्दी निम्न है पूरब- मकान मेहेंदी हसन (पैमाइश 26.5 इंच) पश्चिम- विक्रेता का चट्टा (पैमाइश 26.5 इंच) उत्तर- मत्तलू पहलवान का चट्टा (पैमाइश 26.5 इंच) दक्षिण- नाली बादहू रास्ता 8 फिट (पैमाइश 26.5 इंच) को ऋण दिया जाना प्रस्तावित है, उपरोक्त भूमि (वर्तमान में बशक्ल मकान) का बैनामा प्रस्तावित ऋणी श्रीमती बेबी पत्नी युनुस ने जरिये बैनामा दिनांक 23.05.2012 को श्री याकूब पुत्र हुसैनी से क्रय किया था जो कि उपनिबंधक सदर उन्नाव के यहाँ बही संख्या 1 जिल्द नं0 7014 पेज नं0 187/204 क्रमांक 5607 पर दर्ज है, यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस प्रस्तावित भवन या भूमि के बंधक या बिक्री किये जाने के विरुद्ध कोई अप्पति हो तो, उस अप्पति के विधिक आधार एवं साक्ष्यों के साथ मुझसे 07 दिनों के अन्दर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधी में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान किया जायगा तथा उक्त संपत्ति पर मेरे मुवक्किल का विधिक प्रभार होगा।

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
एडवोकेट
कार्यालय- 298, प्रकाश भवन, कृष्णा नगर, उन्नाव।